आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 24.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में 29 अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती, आनंद स्वरूप बने गढ़वाल आयुक्त, आशीष चौहान को देहरादून का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल में उच्च शिक्षा की समीक्षा बैठक में गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया।
- चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, एक दिन में रिकॉर्ड 96 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, कुल संख्या 20 लाख के पार पहुंची।
- देहरादून के परेड ग्राउंड में उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला जूडो चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ।

..........................................................................

तबादले

शासन ने प्रदेश में आईएएस, पीसीएस और सचिवालय सेवा के कुल 29 अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। इनमें 19 आईएएस, 8 पीसीएस और 2 सचिवालय सेवा के अधिकारी शामिल हैं।

शासन के आदेश के अनुसार आनंद स्वरूप को गढ़वाल मंडल का आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल को सचिव नियोजन बनाया गया है और उनकी जगह आशीष चौहान को देहरादून का नया जिलाधिकारी और स्मार्ट सिटी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बी.बी.आर.सी. पुरुषोत्तम को वर्तमान दायित्वों के साथ सचिव उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपूर्वा पांडे को बागेश्वर का जिलाधिकारी बनाया गया है, जबकि आकांक्षा कोंडे को महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा और निदेशक कर्मचारी बीमा योजना की जिम्मेदारी दी गई है।

नमामि बंसल को नगर आयुक्त देहरादून के पद से हटाकर अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा विभाग में तैनात किया गया है। उनकी जगह आलोक कुमार पांडे को नगर आयुक्त देहरादून बनाया गया है।

इसके अलावा कई अन्य अधिकारियों को भी विभिन्न विभागों और जिलों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

..........................................................................

समीक्षा बैठक

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल के डीएसबी परिसर में कुलपति और विभिन्न संकायाध्यक्षों के साथ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, शोध, नवाचार और कौशल विकास को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा पर विशेष जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी विश्वविद्यालयों की मुख्य धुरी हैं और शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के लिए तैयार करना भी जरूरी है।

बैठक में राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम समयानुकूल और रोजगारोन्मुख होने चाहिए, ताकि विद्यार्थी नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान और नवाचार में भी दक्ष बन सकें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में इंटर्नशिप, प्रयोगात्मक शिक्षा, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने भूविज्ञान विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों, रसायन विज्ञान विभाग के पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों और नौसेना एनसीसी गतिविधियों की सराहना की।

..........................................................................

आजीविका संवर्धन

चमोली जिले में ग्रामोत्थान परियोजना के तहत ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय कृषि विकास कोष– आईएफएडी के सहयोग से संचालित इस परियोजना के माध्यम से पशुपालकों, किसानों और हस्तशिल्पियों की आजीविका को मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना जिले के करीब 29 हजार परिवारों की आय बढ़ाने में सहयोग कर रही है। एक रिपोर्ट–

*बाइट– वॉयस कास्ट, सेकेण्ड*

परियोजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के साथ ही व्यक्तिगत उद्यम और सीबीओ स्तर की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को अनुदान दिया जा रहा है, जिससे वे अपने घरों पर ही स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इसके जरिए डेयरी, बकरी पालन, कुक्कुट पालन, कृषि आधारित गतिविधियों, टेलरिंग, आटा चक्की, मधुमक्खी पालन, रिंगाल हस्तशिल्प और अन्य छोटे उद्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

परियोजना प्रबंधक शशिकांत यादव ने बताया कि अब तक जिले में 880 लाभार्थियों को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा फार्म आधारित व्यक्तिगत उद्यमों के तहत 327 और नॉन–फार्म आधारित उद्यमों के तहत 278 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में सीबीओ और एफ.पी.ओ स्तर पर भी कई उद्यम स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुछ इकाइयों पर कार्य अभी प्रगति पर है।

आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से **निशि भाटिया**

..........................................................................

शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के आर्यनगर वार्ड स्थित साकेत कॉलोनी में 9 करोड़ 5 लाख 80 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सीवरेज योजना का शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने लंबे समय से चली आ रही सीवरेज समस्या के समाधान की दिशा में इस परियोजना को महत्वपूर्ण बताया।

इसके साथ ही मंत्री गणेश जोशी ने एमडीडीए की ओर से कैनाल रोड स्थित एकता ऐवन्यू पार्क में करीब 19 लाख 37 हजार रुपये की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों का भी शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि साकेत कॉलोनी की सीवरेज योजना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने कहा कि योजना पूरी होने के बाद स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव की समस्या में कमी आएगी, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

.............................................................................

आस्था का सैलाब

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। चारों धामों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग रही हैं और यात्रा लगातार सुचारु रूप से जारी है। शनिवार को एक ही दिन में रिकॉर्ड 96 हजार 116 श्रद्धालुओं ने चारधाम में दर्शन किए। इसके साथ ही कुल श्रद्धालुओं की संख्या 20 लाख 76 हजार के पार पहुंच गई है।

अब तक केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 8 लाख 11 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं बद्रीनाथ धाम में 5 लाख 56 हजार से अधिक, गंगोत्री में 3 लाख 52 हजार और यमुनोत्री धाम में 3 लाख 56 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

उच्च हिमालयी क्षेत्रों में यात्रा को देखते हुए प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को मौसम खराब होने की स्थिति में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

वहीं विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल हेमकुंट साहिब के कपाट भी शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पहले दिन 6 हजार 605 श्रद्धालुओं ने हेमकुंट साहिब में दर्शन किए।

.............................................................................

शुभारंभ

देहरादून के परेड ग्राउंड में उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला जूडो चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ हो गया है। स्वर्गीय अमृत लाल गुप्ता की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

श्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

.............................................................................

अनावरण

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में विद्यालय के पूर्व छात्र और शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद मेजर चंद्र शेखर मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन, सैन्य अधिकारी और शहीद के परिजन मौजूद रहे।

मेजर चंद्र शेखर मिश्रा ने वर्ष 1973 में सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश लिया था और वर्ष 1981 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयनित हुए। इसके बाद वे भारतीय सेना की 14 जाट रेजिमेंट में शामिल हुए। वर्ष 1996

में जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान के दौरान उन्होंने असाधारण वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनके साहस और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या ग्रुप कैप्टन मधु सेंगर ने शहीद मेजर की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं उनकी पत्नी राजश्री मिश्रा सहित ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

...............................................................................

फॉरवर्ड एरिया टूर

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित फॉरवर्ड एरिया टूर को कल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 80 यूके एनसीसी बटालियन के 20 कैडेट्स इस भ्रमण में शामिल हैं।

इस भ्रमण का उद्देश्य युवाओं को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारतीय सेना के सामरिक अभियानों की जानकारी देना और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इसके साथ ही यह कार्यक्रम भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम और सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने से भी जुड़ा है।

पंचशूल गनर्स द्वारा आयोजित यह भ्रमण हाल ही में 119 स्वतंत्र इन्फैंट्री ब्रिगेड ग्रुप और सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौते का हिस्सा है। इसके तहत प्रौद्योगिकी, साइबर अध्ययन, सतत विकास और जनसंचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

भ्रमण के दौरान कैडेट्स गुंजी गांव में तैनात भारतीय सेना के जवानों के साथ समय बिताएंगे। साथ ही वे काली माता मंदिर, ओम पर्वत, आदि कैलाश और पार्वती कुंड जैसे प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भी दौरा करेंगे।

भारतीय सेना के अनुसार इस पहल का उद्देश्य युवाओं को सीमांत क्षेत्रों के सामरिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराना तथा ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के प्रति जागरूक बनाना ळें

...............................................................................

नंदा सुनंदा

देहरादून में जिला प्रशासन के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट "नंदा–सुनंदा" के तहत 39 जरूरतमंद बालिकाओं को शिक्षा के लिए 12 लाख 98 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बालिकाओं को चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की छात्राओं को सहायता दी गई। इस दौरान कई बालिकाओं और उनकी माताओं ने आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक संघर्षों की कहानी साझा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि "नंदा–सुनंदा" का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं की शिक्षा को रुकने से बचाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतिभा आर्थिक अभाव के कारण पीछे न रह जाए, इसके लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

गौरतलब है कि इस परियोजना के तहत अब तक 175 बालिकाओं को करीब 57 लाख रुपये की सहायता प्रदान कर उनकी शिक्षा को नया जीवन दिया जा चुका है।

........................................................................